Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to grant special allowance to teachers working as Booth Level Officer during election.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर) : मैं आपके माध्यम से सरकारी शिक्षकों के कार्य के बारे में संसद में बात करना चाहता हूं। शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान में सरकारी शिक्षकों ने इतना अच्छा कार्य किया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ा है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में राजस्थान की मुख्य मंत्री ने सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल खोले हैं। महोदय, भारत सरकार या राज्य सरकार का कोई भी कार्य हो, शिक्षक अपनी शिक्षा के अलावा अनेक कार्यों में योगदान देते हैं, चाहे वह मिड-डे-मील का कार्य हो, चाहे जनगणना का कार्य हो, चाहे स्वच्छ भारत का कार्य हो । इसी प्रकार से चुनाव ड्यूटी का कठिन और चुनौती भरा कार्य भी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। चुनावों में शिक्षकों की ड्यूटी लगायी जाती है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि ऐसे शिक्षक और कर्मचारी जो चुनाव में बीएलओ का काम करते हैं, उनको विशेष मानदेय और अनुदान भत्ता दिया जाए, जिससे कि वे अपना कार्य बहुत उत्साहपूर्वक, आशावान, उम्मीद और जिम्मेदारी से कर सकें।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Sharad Tripathi, Shri Bhairon Prasad Mishra and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are allowed to associate with the matter raised by Dr. Manoj Rajoria.